# डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय
## DR. A.P.J. ABDUL KALAM TECHNICAL UNIVERSITY
(Formerly UP Technical University)
सेक्टर–11, जनकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ–226031— Sector-11, Jankipuram Extionsion Yojna , Lucknow

पत्रांक: ए0के0टी0यू/कुस0का0/व्य0अ0/2024/ 4424 दिनांक : 17-10-2024

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय
उ0प्र0 से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषय :"पी0एम0 सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी कियान्वयन तथा अनुश्रवण किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया शासन के पत्रांक सं0– I/767560/2024/16–3099/262/2024 दिनांक 10 अक्टूबर, 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उपर्युक्त पत्र पी0एम0 सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा अनुश्रवण के सम्बन्ध में है। अतः उपरोक्त के क्रम में अवगत् कराना है कि कृपया पी0एम0 सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत यथा निर्देशानुसार (संलग्नानुसार) आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें, तथा कृत कार्यवाही की सूचना विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक : यथोक्त

भवदीय

(रीना सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. उप सचिव अनुभाग–3 उ0प्र0 शासन लखनऊ।
2. कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. स्टॉफ ऑफिसर ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(रीना सिंह)
कुलसचिव

संख्या- I/767560/2024 / 16-3099/262/2024

प्रेषक,

चिरौंजी लाल,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1.कुलसचिव, ए0के0टी0यू0 , उ०प्र० लखनऊ।
2. कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, उ०प्र० कानपुर।
3. कुलसचिव, एम0एम0एम0यू० टी0, उ०प्र० गोरखपुर।
4. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा उ.प्र., कानपुर।
5. सचिव प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
6. सचिव, संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद उ0प्र0, लखनऊ।
7.निदेशक, बुंदेलखण्ड अभियांत्रिकी एवं प्रोद्योगिकी संस्थान, झांसी |
8. निदेशक, कमला नेहरु प्रोद्योगिकी संस्थान, झांसी |
9. निदेशक, समस्त राजकीय इंजीनियरिंग कालेज उ.प्र.
10. सचिव, प्रवेश एवं फीस विनियम समिति, लखनऊ |
11. निदेशक, उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रोद्योगिकी संस्थान, कानपुर
12. निदेशक, आई०आर०डी०टी०, उ०प्र० कानपुर।

प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-3 लखनऊ दिनांक- **10-10-2024**

विषय: पी०एम० सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा अनुश्रवण किये जाने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग के पत्र संख्या: 1297/87-अति०ऊ०स्रो०वि०/2024 दिनांक:27.09.2024 की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया संलग्न पत्र में की गयी अपेक्षानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें तथा कृत कार्यवाही की सूचना शासन में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोक्त।

भवदीय,

Signed by
Chiraunji Lal
Date: 10-10-2024 17:23:08

(चिरौंजी लाल)
उप सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि संलग्नक सहित प्राविधिक शिक्षा अनुभाग -1 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित |

संलग्नक: यथोक्त।

आज्ञा से,

(चिरौंजी लाल)
उप सचिव।

3093
14/10/24

Sri Harish ji
15/10/2024

संख्या...920...प्रमुख सचिव/प्रा०शि०/प्रा०शि०की०वि०/2024

महत्वपूर्ण

संख्याः 1297/87-अति०ऊ०स्रो०वि०/2024

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।
2. समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

378/VS(A)/T/24
JS

(अजीत अहमद)
विशेष सचिव,
प्राविधिक शिक्षा विभाग,
उ0प्र0 शासन।

VS(O/AA)

अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग लखनऊ दिनांकः 27 सितम्बर, 2024

विषयः- पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा अनुश्रवण के सम्बन्ध में।

महोदय,

03/10/24
(प्रवीण कुमार मिश्रा)
निजी सचिव
प्रमुख सचिव
प्राविधिक शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश, शासन

पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत निजी आवासों पर सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना हेतु शासन के पत्र सं0 790/87-अति0ऊ0स्रो0वि0/2024, दिनांक 14.06.2024 (प्रति संलग्न) द्वारा प्रदेश के कुल 25 लाख घरों पर सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

2. पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना, उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। योजना के अनुश्रवण में यह परिलक्षित हो रहा है कि वर्तमान में उक्त योजना की जिलेवार प्रगति अत्यन्त धीमी है। इस योजना को मा0 प्रधानमंत्री जी की अध्यक्षता में होने वाली प्रगति बैठक में भी शामिल कर लिया गया है।

SO-3
3/X/24

3. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी अनुश्रवण एवं गति प्रदान करते हुए लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु निम्नलिखित निर्देशों का अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित कराने का कष्ट करें:-

1. अपने जनपद में पी0एम0 सूर्य घर योजना के क्रियान्वयन में कार्यरत वेण्डर्स की समीक्षा कर ली जाए, यदि वेण्डर की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है तो तत्काल अपने जिलें में नये वेण्डर बढ़ाने की कार्यवाही करायी जाए।

2 . प्रत्येक जिले हेतु निर्धारित लक्ष्य को विभिन्न विभागों को नगरीय क्षेत्रवार/ग्रामीण क्षेत्रवार में विभाजित कर इसे तत्काल जारी करें।

4/10/2024

3. यूपीनेडा द्वारा पी0एम0 सूर्य घर योजना के प्रचार-प्रसार हेतु प्रत्येक जनपद को धनराशि उपलब्ध करायी गयी है, विभिन्न स्थलों पर कैम्प लगाकर धनराशि का शतप्रतिशत उपयोग सुनिश्चित कराया जाए।

4. पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना की जिला स्तरीय पाक्षिक बैठक आहूत करायी जाए, जिसमें वेण्डर्स, डिस्कॉम अधिकारी, बैन्कर्स इत्यादि को भी शामिल किया जाए।

5. वेण्डर्स की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराया जाए।

6. प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में बैंकों को 07 प्रतिशत ब्याज दर पर लोन उपलबध कराना है इस हेतु समस्त जनपद की बैंक शाखाओं को जनपद के लक्ष्य के अनुसार लक्ष्य निर्धारित करने की कार्यवाही करें।

7. जनपद के विभिन्न सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों को अपने निजी आवासों में सोलर रूफटॉप संयंत्र लगाने हेतु प्रेरित करें। पूरे प्रदेश में लगभग 9.4 लाख सरकारी कार्मिक हैं उन्हें प्रेरित करने से इस लक्ष्य की पूर्ति में काफी सफलता मिलेगी।

8. प्रत्येक जनपद में स्कूल, कालेज, विश्वविद्यालय के शिक्षकों, व्यापारीगण, ट्रेडर्स, मेडिकल एवं फार्मा संगठनों, जन-प्रतिनिधिगण इत्यादि समाज के विभिन्न वर्गो को पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना से जोड़ने की कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाए।

9. जिन निजी आवासों में पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत सोलर रूफटॉप संयंत्र लगाए जा रहे हैं, वहां पर डिस्कॉम द्वारा प्राथमिकता से स्मार्ट मीटर लगाए जाएगें।

10. पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन हेतु भारत सरकार, की ओर से आरईसी की टीमें डिस्कॉम मुख्यालय एवं प्रदेश में यूपीनेडा मुख्यालय में लगाई गयी हैं। पोर्टल एवं सब्सिडी सम्बन्धित समस्याओं का समाधान यूपीनेडा एवं आरईसी की टीमों द्वारा किया जाएगा। इनसे समन्वय स्थापित कर पोर्टल एवं सब्सिडी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करायें।

11. प्रत्येक माह अधोहस्ताक्षरी स्तर पर पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा की जाएगी।

संलग्नक-यथोक्त

भवदीय,

Signed by
(मनोज कुमार सिंह)
Manoj Kumar Singh
मुख्य सचिव।
Date: 24-09-2024 15:59:40

संख्या: 1297 (1)/87-अति0ऊ0स्रो0वि0/2024, तद्दिनांक

प्रतिलिपि-निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. समस्त अपर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
2. समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, औद्योगिक विकास प्राधिकरण।
4. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5. समस्त नगर आयुक्त, नगर निगम उत्तर प्रदेश।
6. समस्त उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।
7. गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

Signed by Narendra Bhooshan
Date: 25-09-2024 16:37:58

(नरेन्द्र भूषण)
प्रमुख सचिव।

संख्या: 790/87-अति0ऊ0स्रो0वि0/2024

प्रेषक,

दुर्गा शंकर मिश्र,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी
उत्तर प्रदेश।

अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग                                                   दिनांक: 18 जून, 2024

विषय: पी0एम0 सूर्य घर: मुफ्त विजली योजना के अन्तर्गत निजी आवासों में सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना के सम्वन्ध में

महोदय,

अवगत कराना है कि मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा दिनांक 13.02.2024 को पी0एम0 सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना का शुभारम्भ किया गया है। इसके अन्तर्गत देश के 01 करोड़ घरों को आच्छादित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सोलर रूफटॉप से उत्पादित बिजली मुफ्त होगी, जिसका उपयोग उपभोक्ता अपनी विद्युत आवश्यकता की पूर्ति हेतु कर सकेगा। केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रदेश में 25 लाख घरों पर सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापित किया जाना लक्षित है।

2. सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना हेतु प्रति किलोवॉट 10 वर्गमीटर छाया रहित छत की आवश्यकता होती है। 01 किलोवॉट के रूफटॉप संयंत्र से औसतन प्रतिदिन 4-5 यूनिट बिजली का उत्पादन होता है। सयत्र से उत्पादित विद्युत का उपयोग भवन स्वामी द्वारा करने के उपरान्त अवशेष विद्युत ग्रिड में चली जाती है जिसका नेटमीटरिंग के माध्यम से विद्युत बिल में समायोजन संबंधित डिस्कॉम द्वारा किया जाता है। उपभोक्ता द्वारा सोलर संयंत्रों की स्थापना में व्यय की गयी धनराशि की प्रतिपूर्ति विद्युत विल के वचत के रूप में 3 से 4 वर्षों में हो जाती है। संयंत्र का जीवनकाल लगभग 25 वर्ष का होता है। अतः शेष 21 वर्षो तक संयंत्र से उत्पादित विद्युत उपभोक्ता को निःशुल्क प्राप्त होती रहेगी।

उक्त योजना का लाभ अधिकाधिक निजी उपभोक्ताओं को प्राप्त हो सके तथा वे प्रेरित हो कर अपना स्वयं का "ग्रीन पावर हाउस" स्थापित कर सकें, इस हेतु केन्द्र सरकार के अनुदान के अतिरिक्त उत्तर

प्रदेश सरकार द्वारा भी विभिन्न श्रेणी के घरेलू उपभोक्ताओं को अनुदान प्रदान किया जा रहा है। भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा अनुमन्य अनुदान निम्नवत् है:

| क्र.सं. | संयंत्र क्षमता | केन्द्रानुदान | राज्यांश | कुल अनुदान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 कि0वाट | 30000 | 15000 | 45000 |
| 2 | 02 कि0वाट | 60000 | 30000 | 90000 |
| 3 | 03 कि0वाट | 78000 | 30000 | 108000 |
| 4 | 03 कि0वाट से अधिक | 78000 | 30000 | 108000 |

3. एक से दस किलोवॉट क्षमता के संयंत्र का अनुमानित मूल्य प्रति किलोवॉट लगभग रू0 60 से 65 हजार प्रति किलोवाट के मध्य आता है। संयंत्र की स्थापना के उपरांत केन्द्र एवं राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान उपभोक्ता के खातों में प्राप्त होता है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु नेशनल पोर्टल https://pmsuryaghar.gov.in/ पर ऑनलाइन आवेदन करना होता है। प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा मोवाइल ऐप भी विकसित किया गया हैं, जिस पर आवेदन किया जा सकता है। सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना बैंक से ऋण लेकर कराये जाने हेतु भारत सरकार के पोर्टल पर विभिन्न बैंको को सूचीबद्ध किया गया है, जिसका लाभ उपभोक्ता द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना हेतु एम0एन0आर0ई0, भारत सरकार के दिशा-निर्देशन में वेण्डर इम्पैनलमेण्ट की कार्यवाही की जा रही है, जिसके अन्तर्गत प्रदेश में 525 वेण्डर वर्तमान में पंजीकृत हो चुके हैं। प्रदेश हेतु सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना के निर्धारित लक्ष्य 25 लाख के सापेक्ष डिस्कॉमवार/जनपदवार लक्ष्य निम्नवत् निर्धारित किया जाता है:

| क्र०सं० | डिस्कॉम | जनपद | एल०एम०वी०-1 उपभोक्ताओं की संख्या | लक्ष्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि० | अमरोहा | 285,985 | 20,000 |
| 2 | | बागपत | 224,186 | 20,000 |
| 3 | | बिजनौर | 594,788 | 30,000 |
| 4 | | बुलंदशर | 550,117 | 50,000 |
| 5 | | गौतमबुध नगर | 338,850 | 55,000 |
| 6 | | गाजियाबाद | 932,850 | 200,000 |
| 7 | | हापुड़ | 251,620 | 20,000 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 8 | | मेरठ | 682,926 | 100,000 |
| 9 | | मुरादाबाद | 535,256 | 80,000 |
| 10 | | मुजफ्फरनगर | 472,679 | 50,000 |
| 11 | | रामपुर | 338,195 | 25,000 |
| 12 | | सहारनपुर | 564,425 | 45,000 |
| 13 | | सम्भल | 275,924 | 15,000 |
| 14 | | शामली | 220,279 | 15,000 |
| | | कुल | 6,268,080 | 725,000 |
| 15 | | आगरा | 366,164 | 30,000 |
| 16 | | अलीगढ | 571,729 | 75,000 |
| 17 | | औरैया | 200,793 | 12,000 |
| 18 | | बाँदा | 275,261 | 12,000 |
| 19 | | चित्रकूट | 154,861 | 12,000 |
| 20 | | एटा | 213,469 | 12,000 |
| 21 | | इटावा | 213,547 | 15,000 |
| 22 | | फर्रुखाबाद | 257,788 | 14,000 |
| 23 | | फिरोजाबाद | 352,703 | 40,000 |
| 24 | | हमीरपुर | 182,351 | 10,000 |
| 25 | दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि० | हाथरस | 221,919 | 15,000 |
| 26 | | जालौन | 238,555 | 12,000 |
| 27 | | झांसी | 286,315 | 50,000 |
| 28 | | कन्नौज | 206,925 | 12,000 |
| 29 | | कानपुर देहात | 245,171 | 20,000 |
| 30 | | कानपुर नगर | 231,094 | 20,000 |
| 31 | | कासगंज | 193,564 | 14,000 |
| 32 | | ललितपुर | 141,003 | 10,000 |
| 33 | | महोबा | 131,777 | 10,000 |
| 34 | | मैनपुरी | 250,959 | 15,000 |
| 35 | | मथुरा | 428,755 | 40,000 |
| | | कुल | 5,364,703 | 450,000 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 36 | मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि० | अम्बेडकरनगर | 360,435 | 11,000 |
| 37 | | अमेठी | 294,187 | 20,000 |
| 38 | | अयोध्या | 411,995 | 50,000 |
| 39 | | वदायूं | 373,446 | 10,000 |
| 40 | | वहराइच | 427,459 | 15,000 |
| 41 | | वलरामपुर | 257,547 | 10,000 |
| 42 | | वाराबंकी | 429,875 | 15,000 |
| 43 | | बरेली | 689,213 | 100,000 |
| 44 | | गोंडा | 433,393 | 20,000 |
| 45 | | हरदोई | 536,455 | 20,000 |
| 46 | | खेरी | 531,015 | 20,000 |
| 47 | | लखनऊ | 1,122,924 | 150,000 |
| 48 | | पीलीभीत | 317,631 | 10,000 |
| 49 | | रायबरेली | 505,009 | 15,000 |
| 50 | | शाहजहांपुर | 380,416 | 20,000 |
| 51 | | सीतापुर | 522,527 | 20,000 |
| 52 | | सुल्तानपुर | 379,424 | 20,000 |
| 53 | | उन्नाव | 516,930 | 20,000 |
| 54 | | श्रावस्ती | 134,815 | 4,000 |
| | | कुल | 8,624,696 | 550,000 |
| 55 | पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि० | आजमगढ़ | 643,084 | 16,000 |
| 56 | | वलिया | 352,820 | 10,000 |
| 57 | | वस्ती | 400,482 | 15,000 |
| 58 | | भदोही (एसआर नगर)। | 201,376 | 7,000 |
| 59 | | चंदौली | 270,906 | 10,000 |
| 60 | | देवरिया | 440,470 | 10,000 |
| 61 | | फ़तेहपुर | 363,087 | 10,000 |
| 62 | | गाजीपुर | 444,819 | 15,000 |
| 63 | | गोरखपुर | 797,644 | 75,000 |
| 64 | | जौनपुर | 605,459 | 30,000 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 65 | | कौशाम्बी | 211,293 | 7,000 |
| 66 | | कुशीनगर | 475,000 | 7,000 |
| 67 | | महराजगंज | 429,196 | 10,000 |
| 68 | | मऊ | 306,987 | 16,000 |
| 69 | | मिर्जापुर | 331,851 | 40,000 |
| 70 | | प्रतापगढ़ | 380,529 | 20,000 |
| 71 | | प्रयागराज | 961,406 | 100,000 |
| 72 | | संतकबीरनगर | 277,014 | 7,000 |
| 73 | | सिद्धार्थनगर | 381,061 | 10,000 |
| 74 | | सोनभद्र | 273,637 | 10,000 |
| 75 | | वाराणसी | 647,019 | 75,000 |
| | | कुल | 9,195,140 | 500,000 |
| | केस्को, कानपुर। | | 600,774 | 150,000 |
| | टोरेंट पॉवर | | 395,000 | 100,000 |
| | एन०पी०सी०एल० | | 83,108 | 25,000 |
| | | कुल योग | 30,531,501 | 2,500,000 |

4. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत निजी आवासों में सोलर रूफ़टॉप संयंत्रों की स्थापना कराये जाने हेतु विशेष अभियान चलाकर निर्धारित लक्ष्यों को समयान्तर्गत पूर्ण कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

Signed by
Durga Shanker Mishra
Date: 13-06-2024 11:04:24

(दुर्गा शंकर मिश्र)
मुख्य सचिव

<u>संख्या एंव दिनांक तदैव</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कार्पोरेशन लिमिटेड, शक्ति भवन, लखनऊ
2. निदेशक, उ0प्र0नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण, यूपीनेडा, लखनऊ
3. समस्त जनपदीय वरिष्ठ परियोजना अधिकारी/परियोजना अधिकारी/परियोजना प्रभारी, यूपीनेडा (द्वारा यूपीनेडा )
4. गार्ड फाइल .

आज्ञा से,

Signed by Narendra Bhooshan

(नरेन्द्र भूषण) Date: [illegible]-2024 21:45:52

प्रमुख सचिव